प्यारा सजा है दरबार बोलो जय माता की | By Ashu Verma

प्यारा सजा है दरबार बोलो जय माता की
प्यारा है मैया का श्रृंगार बोलो जय माता की
प्यारा सजा है दरबार बोलो जय माता की

हाथो में चूड़ी कंगन
माथे पे कुमकुम चन्दन
लाली चुनर है गोटेदार बोलो जय माता की
प्यारा सजा है दरबार बोलो जय माता की

मैया की ज्योति निराली
जैसे सूरज की लाली
रोशन हुआ सारा संसार बोलो जय माता की
प्यारा सजा है दरबार बोलो जय माता की

माँ की मुस्कान है ऐसी
बहते झरने के जैसी
इनकी महिमा है अपरम्पार बोलो जय माता की
प्यारा सजा है दरबार बोलो जय माता की

जय जय माँ मेरी शेरोवाली माँ
जय जय माँ मेरी ज्योता वाली माँ

माँ के जगराते प्यारे
भक्तों के कष्ट निवारे
निश्छल मिलेगा माँ का प्यार बोलो जय माता की
प्यारा सजा है दरबार बोलो जय माता की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%9c/